NT>

**14.10 hrs.**

Title: Need to ensure proper maintenance of National Highway No. 91 passing through Bilhaur parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

**श्री श्याम बिहारी मिश्र (बिल्हौर) :** महोदय, राट्रीय मार्ग संख्या 91 मेरे संसदीय क्षेत्र बिल्हौर एवं कानपुर महानगर के बीच से निकलता है। इस मार्ग से हजारों भारी वाहन प्रतिदिन निकलते हैं जिससे बिल्हौर नगर, शिवराजपुर, चौबेपुर एवं कानपुर महानगर में यातायात की असुविधा, जाम एवं दुर्घटनाएं होती हैं। बिल्हौर नगर के अंदर की सड़क लगभग ढाई वर्ा से खराब है। प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सड़क से उड़ने वाली धूल से सैकड़ों नागरिक बीमार हो चुके हैं। अतः माननीय भूतल परि वहन मंत्री से अनुरोध है :-

1. बिल्हौर नगरपालिका के बीच की दो किलोमीटर सड़क शीघ्र बनवाई जाए। प्रदेश सरकार से प्रस्ताव आ चुका है।
2. बिल्हौर, उत्तरी पूरा, शिवराजपुर, चौबेपुर में राट्रीय मार्ग 91 पर बाइपास बनाया जाए।
3. मन्धना से रामादेवी चौराहे तक कानपुर महानगर में राट्रीय मार्ग संख्या 91 पर छः लेन की सड़क बनाई जाए।
4. कानपुर महानगर में राट्रीय मार्ग संख्या 91 पर पड़ने वाली रेलवे लाइन पर जरीव चौकी क्रासिंग, कोकोकोला क्रासिंग तथा सीओडी क्रसिंग पर रेलवे के सहयोग से ओवरब्रिज बनाया जाए, रेलवे विभाग स्वीकृति दे चुका है।
5. राट्रीय मार्ग संख्या 91 पर मन्धना से मौती तक बाईपास बनाकर मुख्य राट्रीय मार्ग से मिलाया जाए।